₹16/- • कुल 36 पृष्ठ

# द लायन

अगस्त 2024



## अपनी पहचान बनाएं

अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष फैब्रिसियो ओलिवेरा सेवा के माध्यम से अपनी एक पहचान बनाने के लिए तैयार हैं.

लायंस इंटरनेशनल
















# आशाओं को प्रोत्साहन दिया

**अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष फैब्रिसियो ओलिवेरा तथा एमारिलेस ओलिवेरा ने भारत में अपनी पहचान बनाई.**

विस्तृत जानकारी पृष्ठ 22 पर

# अपनी पहचान बनाएं



प्रिय लायन साथियों.

ब्राजील के एक उद्यमी परिवार के सदस्य के रूप में बड़े होते हुए मैंने सीखा कि, इसे प्राप्त करने के लिए एक दृष्टिकोण तथा योजना की आवश्यकता होती है. मैंने सामाजिक शक्ति का अनुभव किया, समाज सदैव मेरी यात्रा का आधार रहा है और इसके प्रति अपनत्व की गहरी भावना तथा समाज को सशक्त बनाने की इच्छा ने सेवा के प्रति मेरे उत्साह को बढ़ाया है.

यही वह चिंगारी है जो मुझे लायंस तक ले गई. मैंने इस संगठन में कुछ विशेषता देखी, इसके पास समाज को कुछ लौटाने के अवसर थे. जो मेरे लिए बहुत अच्छे थे, और मेरे लिए लायन होना, अपने समाज में होने जैसा ही था.

जब हम सेवा करते हैं, तो हम जिनकी सेवा करते हैं, उनके जीवन पर स्थायी प्रभाव डालते हैं. यही हमारी दयालुता का प्रतीक है. यही लायंस की पहचान है.

इसलिए मेरा इस वर्ष के लिए अध्यक्षीय संदेश है, 'अपनी पहचान बनाओ'

आइए दूसरों को भी अपने क्लब में सम्मिलित होने के लिए आमंत्रित करके, नयी मित्रता और नये विचारों के द्वार खोलकर अपनी पहचान बनाएं. आइए, पहले से कहीं अधिक लोगों की सेवा करके, अपना प्रभाव बढ़ाएं और अपनी पहचान बनाएं.

प्रत्येक लायन के पास बताने के लिए एक कहानी है. मुझे आशा है, इस अंक की कहानियां आपको प्रेरित करेंगी, तथा आपको अपनी कहानियां समाज के साथ साझा करने के लिए प्रोत्साहित करेंगी.

आपके अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में सेवा करना मेरे लिए सर्वश्रेष्ठ सम्मान है. साथ मिलकर हम प्रत्येक स्थान पर, हर बार अपनी सेवा द्वारा अपनी पहचान बनाएंगे.

आपके साथ,

**फैब्रिसियो ओलिवेरा**
अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष, लायंस क्लब्स इंटरनेशनल

We Serve

03 अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष का संदेश.

05 संपादकीय. तथा अध्यक्ष का संदेश.

06 लायंस क्लब्स इंटरनेशनल निदेशक मंडल तथा एलसीआईएफ न्यासी मंडल.

22 अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष की यात्रा

32 सहयोगी संपादक सम्मेलन

29 डॉ. पैट्टी हिल की मल्टिपल्स की यात्रा



**08**
**आवरण कथाः**
अपनी पहचान बनाएं.



**20**
**एलसीआईएफ का प्रभावः**
विश्व भर के युवाओं को सशक्त बनाना.



**26**
**अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन की प्रमुख बातें.**



# संपादक की कलम से ....

## संपादक



प्रिय लायन साथियो,

जब हम नये लायनिस्टिक वर्ष में कदम रखते हैं, तो यह एक नये शुभारंभ और नयी संभावनाओं का समय होता है.

हम लायन (इंडिया) पत्रिका में कुछ नवीनतम रोमांचक विषयों की घोषणा करते हुए अति प्रसन्न है. समय की गतिशीलता के साथ कदम मिलाते हुए, हमारा प्रकाशन डिजिटल प्रारूप को अपना रहा है और पहले से अधिक आकर्षक और संवादात्मक हो गया है.

यह डिजिटल परिवर्तन मात्र माध्यम में परिवर्तन से अधिक प्रतिनिधित्व करता है. ये अधिक लायन समूहों तथा गतिशील लायंस समुदाय की ओर एक छलांग है.

डिजिटल होकर हम अनेकों नयी चीजों की ओर आगे बढ़ रहे है. सुविधाएं और लाभ प्राप्त कर रहे है. उनमें से कुछ पर दृष्टि डालिए:

- पहुंचने में प्रगतिः कभी भी, कहीं भी किसी भी उपकरण द्वारा अपने पसंद के साथियों तक पहुंचें, अपने पसंद के विचार साझा कर सकते है.
- मल्टीमीडिया का एकीकरणः हमारी कहानियों को सजीव बनाने वाले गैलरी की फोटोज तथा सोशल मीडिया क्लिप का आनंद संग्रहित वीडियो द्वारा प्राप्त करें.
- संवादात्मक तत्वः चुनावों में सहभागिता, प्रश्नोत्तरी तथा वादविवाद में सहभागिता करके समाज में अपनी आवाज पहुंचा सकते है.
- पर्यावरण के अनुकूल दृष्टिकोणः वातावरण को प्रदूषण बचाने के लिए, व्यापक श्रोताओं तक पहुंचना .
- पुराने आलेखः पुराने आलेखों को खोजकर उनसे अतीत जानना और नयी कार्यक्षमता वाले लेख और विषय बनाएं.

हम जानते हैं कि परिवर्तन चुनौतीपूर्ण हो सकता है, किंतु हम आपको आश्वासन देते हैं कि यह परिवर्तन हमारी पत्रिका की आत्मा ओर हृदय को संरक्षित रखते हुए आपकी पठनशीलता के अनुभव में वृद्धि करेगा. प्रेरक कहानियां साझा करने, सेवा के उत्सव मनाने तथा लायंस के बीच संबंध बढ़ाने का संकल्प अटूट रहेगा.

जैसे ही हम इस रोमांचक यात्रा में आगे बढ़ रहे हैं. हम आपको डिजिटल विकास को अपनाने में सहभागिता हेतु आमंत्रित करते है. आपकी प्रतिक्रिया और सुझाव हमारी पत्रिका के भविष्य को आकार देने में अमूल्य रूप से सहायक होंगे.

आइए, मिलकर लायन (भारत) पत्रिका के इतिहास में एक नवीन, जीवंत अध्याय का पृष्ठ पलटें.

डिजिटल युग में दहाड़ते हुए..

**वामसीधर बाबू**
संपादक–लायन (भारत) पत्रिका
पूर्व अंतर्राष्ट्रीय निदेशक, एलसीआई
lionvamsipmjf@gmail.com

## अध्यक्ष



प्रिय लायन साथियों.

अभी हाल ही में लायंस का 106वां अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन मेलबॉर्न ऑस्ट्रेलिया में हुआ, जिसमें हमारे अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष फैब्रिसियो ओलिवेरा ने लायंस से आव्हान किया "अपनी पहचान बनाएं" और लायंस होने के कारण हम जानते हैं कि ये कैसे करना है. इस वर्ष हमारा ध्यान प्रभावशाली सेवा गतिविधियों और स्थायी परियोजनाओं पर होना चाहिए, जो लोगो के जीवन में परिवर्तन कर सकें. समाज को सुदृढ़ता प्रदान करें और परिवर्तन की स्थायी विरासत छोड़ें.

हम जानते है कि सेवा के माध्यम से सदस्यता वृद्धि ही हमारे संगठन की सफलता की कुंजी है. हमें और सहयोगी हाथ जोड़ने होंगे, हमें गैर लायन नागरिकों को हमारी सेवा से प्रभावित कर हमारे लायन संगठन से जोड़ना होगा.

यहाँ कुछ रणनीतियाँ है जो हमारी लायन सदस्यता वृद्धि में सहायक हो सकती है.

**आगे बढ़ेः** सामाजिक जागरूकता कार्यक्रमों के लिए सोशल मीडिया, ई–मेल अभियानों का उपयोग करें.

**जुड़ावः** संभावित सदस्यों को प्रेरित करने के लिए सेवा गतिविधियों की रोचक कहानियां साझा करें.

**साझेदारीः** जनसाधारण तक हमारी पहुंच का विस्तार करने के लिए अन्य संगठनों से सहयोग करें.

**प्रोत्साहनः** विशिष्ट सामग्री प्रदान करें. आयोजन करें, नेटवर्किंग के अवसर दें.

**स्वयंसेवी कार्यक्रमः** सदस्यों को आकर्षित करने तथा स्थायी सदस्य बनाए रखने के लिए, आकर्षक स्वयं सेवा के अवसर बनाएँ.

**प्रतिक्रियाः** सदस्यों से प्रतिक्रिया जानें और उसके अनुरूप कार्य करें.

**स्थायित्वः** वर्तमान सदस्यों से भी उनके अनुभव लेकर ,कार्यों को उत्तम बनाएं और निरंतर संवाद बनाए रखें. उन्हें सेवा कार्यों में सम्मिलित करें.

मैं हमारे मुख्य संपादक वामसीधर बाबू के नेतृत्व में संपादकीय टीम की प्रशंसा करता हूँ. जो इस पत्रिका को हमारे समाज के लिए वास्तव में जानकारी युक्त ओर मूल्यवान संसाधन बनाने के लिए संकल्पित हैं.

हमें आपकी प्रतिक्रिया की प्रतीक्षा है.आइए जाने कि हम अपनी पत्रिका को आप सभी के लिए कैसे उपयुक्त बना सकते हैं?

हार्दिक सम्मान के साथ.

**जितेंद्र सिंह चौहान**
अध्यक्ष, प्रबंधक बोर्ड, लायंस (इंडिया) पत्रिका
पूर्व अंतर्राष्ट्रीय निदेशक, एलसीआई
lionjitendramjf@gmail.com

# 2024-2025 लायंस क्लब्स इंटरनेशनल निदेशक मंडल समिति की नियुक्ति

## कार्यकारी समिति

फैब्रिसियो ओलिवेरा, अध्यक्ष
डॉक्टर पैट्टी हिल
ए.पी. सिंह
मार्क एस. लियोन
डॉक्टर मनोज शाह
लुइस कैस्टिलो गैम्बोआ.

## लेखा समिति

कैट्सुकि शिरोसाका, अध्यक्ष
लुइस कैस्टिलो गैम्बोआ, उपाध्यक्ष
राजकुमार अग्रवाल
जॉन ऐलेन लॉरेंस

## संविधान एवं उपविधि–समिति

जज एंथोनी पैराडिसो, अध्यक्ष
डैनियल कुबिन, उपाध्यक्ष
डाटो,यो. वा चिन
रॉबर्ट "रिक" मार्सिनकोवस्कि
जेंडर कैंपोस डा सिल्वा.

## सम्मेलन समिति

जे. फ्रैंक मूर III, अध्यक्ष
हैंस जे. निधार्ट, उपाध्यक्ष
गाइ–बर्नार्ड ब्रामी
डॉग जाओ

## डिस्ट्रिक्ट तथा क्लब सेवा समिति

जोआने ऑग्डेन, अध्यक्ष
फेंग–चि चेन, उपाध्यक्ष
लुइस कारो चांग.
जॉन "क्रिस" कार्लन
जैम गार्सिया सेपेडा

## वित्त एवं मुख्यालय संचालन समिति

लुइस कैस्टिलो गैम्बोआ, अध्यक्ष
कैत्सुकि शिरोसाका, उपाध्यक्ष
राजकुमार अग्रवाल
ग्रैमी जॉन विल्सन
डॉ. जुंग युल चोई

## नेतृत्व विकास समिति

हैल्डोर क्रिस्टजैंसन, अध्यक्ष
बाबूराव घट्टामनेनी, उपाध्यक्ष
पंकज मेहता
ब्रिजेट एडीटोप टायकस
जेम्स "जिम" इरविन
(बिना, मतदान परामर्शदाता)

## दूरगामी योजना समिति

मार्क एस. लियोन, अध्यक्ष
फैब्रिसियो ओलिवेरा
डॉ. पैट्टी हिल
ए.पी. सिंह
डॉ. मनोज शाह
जे. फ्रैंक मूर III
फेंग–चि चेन
रोडोल्फो एस्पाइनल
(बिना मतदान परामर्शदाता)

## प्रचार समिति

मार्शल डैनियल, अध्यक्ष
स्टीवन मिडिलमिस, उपाध्यक्ष
बर्ट नेलसन
रमेश सी प्रजापति
रोडोल्फो एस्पाइनल
(बिना मतदान परामर्शदाता)

## सदस्यता विकास समिति

बालकृष्ण बुरलाकोटि, अध्यक्ष
जॉन एलेन लॉरेंस, उपाध्यक्ष
इआ–अप किम
एस. मागेश
डॉ. रिकार्डो फ्लैविओ गर्गल डी मेडिरोस.
रोडोल्फो गोंकाव्स डा सिल्वा.
(लियो–लायन मंडल संपर्क)

## सेवा गतिविधि समिति

मैरी कनिंग, अध्यक्ष
मसाशि हमानो, उपाध्यक्ष
डेबोरा "डैब्बी" कैंट्रेल
डॉ. कार्ल ब्रुवी
संगीता जटिया

## प्रौद्योगिकी समिती

डॉ. संग–गिल जुंग, अध्यक्ष
गाइ होलैंडर, उपाध्यक्ष
डेविड वाइनमैन
लौरेना हस
निकोल लक
(लियो लायन मंडल संपर्क)

## एलसीआई निदेशक मंडल नियुक्तियां.

डॉ. जुंग–युल चोई
पूर्व अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष

जे. फ्रैंकमूर III
पूर्व अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष

जैंडर कैंपोस ड सिल्वा
पूर्व अंतर्राष्ट्रीय निदेशक

जैम गार्सिया सेपेडा
पूर्व अंतर्राष्ट्रीय निदेशक

संगीता जटिया
पूर्व अंतर्राष्ट्रीय निदेशक

डॉ. रिकार्डो फ्लैविओ गर्गल डी मैडिरोस
पूर्व काउंसिल चेयरपर्सन

## एलसीआईएफ न्यासी मंडल नियुक्तियां

जेम्स "जिम" इर्विन
पूर्व अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष

रोडोल्फो एस्पाइनल
पूर्व अंतर्राष्ट्रीय निदेशक

## लियो लायन मंडल संपर्क

रोडोल्फो गोंकाव्स ड सिल्वा
निकोले लक

# एलसीआईएफ न्यासी मंडल समितियां 2024-2025

## कार्यकारी समिति

डॉ.पैट्टी हिल, एलसीआईएफ अध्यक्ष
ब्राइन ई.शीहान, एलसीआईएफ उपाध्यक्ष
जी. एस. होरा, एलसीआईएफ कोषाध्यक्ष
मार्विन चेंबर्स, एलसीआईएफ सचिव
फैब्रिसियो ओलिवेरा, अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष
ए. पी. सिंह, प्रथम अंतर्राष्ट्रीय उपाध्यक्ष
मार्क एस. लियोन, द्वितीय अंतर्राष्ट्रीय उपाध्यक्ष.
डॉ. मनोज शाह, तृतीय अंतर्राष्ट्रीय उपाध्यक्ष
जेम्स ई. "जिम" इर्विन, अध्यक्षीय नियुक्ति
रोडोल्फो ए. "रोडोल्फो" एस्पाइनल मोटा, अध्यक्षीय नियुक्ति.
कर्मचारी संपर्कः रेबेका डाउ

## लेखा समिति

डॉ. पैट्टी हिल, एलसीआईएफ अध्यक्ष.
जेम्स ई. "जिम" इर्विन, अध्यक्षीय नियुक्ति
मार्विन चेंबर्स, सचिव
कर्मचारी संपर्कः जेम्स क्राफ्सिसिन (आंतरिक लेखा)
सिब्रिस्टाइन हैस्टिंग्स (बाह्य लेखा)

## विकास समिति

डॉ. जित्सुहिरो यामाडा, अध्यक्ष
ए.पी. सिंह, अंतर्राष्ट्रीय प्रथम उपाध्यक्ष
जेम्स ई. "जिम" इर्विन, पूर्व अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष
गैरी एफ. ब्राउन, पूर्व अंतर्राष्ट्रीय निदेशक
इंजीनियर एच.ओ.बी. लावल, पूर्व अंतर्राष्ट्रीय निदेशक
इवेलिन एन.चंद्रा, पूर्व काउंसिल चेयरपर्सन
जुवेंटिनो फिगीरा बॉर्जेस, पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर
कर्मचारी संपर्कः क्रिस्टोफर प्लंकेट

## वित्त समिति

जी. एस. होरा चेयरपर्सन/कोषाध्यक्ष
डगलस एक्स. अलेक्जेंडर, पूर्व अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष.
गैरी एफ. ब्राउन, पूर्व अंतर्राष्ट्रीय निदेशक.
मार्विन चेंबर्स, पूर्व अंतर्राष्ट्रीय निदेशक.
कर्मचारी संपर्कः क्रिस्टीना हैस्टिंग्स

## प्रचार समिति

डॉ. जुंग–युल चोई, अध्यक्ष
डॉ. मनोज शाह, तृतीय अंतर्राष्ट्रीय उपाध्यक्ष.
महेश पास्कल, पूर्व अंतर्राष्ट्रीय निदेशक.
रोडोल्फ ए. "रोडोल्फो" एस्पाइनल मोटा, पूर्व अंतर्राष्ट्रीय निदेशक.
जैनिफर वैअर, पूर्व अंतर्राष्ट्रीय निदेशक.
डॉ. ता–लंग चियांग, पूर्व अंतर्राष्ट्रीय निदेशक
कर्मचारी संपर्कः लीया विलियम्स

## कार्यक्रम समिति

डगलस एक्स. अलेक्जेंडर, अध्यक्ष
मार्क एस. लियोन, द्वितीय अंतर्राष्ट्रीय उपाध्यक्ष
ब्राइन ई.शीहान, पूर्व अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष
कोजी त्सुरुशिमा, पूर्व अंतर्राष्ट्रीय निदेशक.
डॉ. सैंड्रो कैस्टेलाना, पूर्व अंतर्राष्ट्रीय निदेशक.
जी.एस. होरा, पूर्व अंतर्राष्ट्रीय निदेशक.
मार्विन चेंबर्स, पूर्व अंतर्राष्ट्रीय निदेशक.
कर्मचारी संपर्कः कासेंड्रा बायर्ड

## लायंस क्वेस्ट कार्यरत समूह

डॉ. मनोज शाह, तृतीय अंतर्राष्ट्रीय उपाध्यक्ष.
महेश पास्कल, पूर्व अंतर्राष्ट्रीय निदेशक.
रोडोल्फो ए. "रोडोल्फो" एस्पाइनल मोटा, पूर्व अंतर्राष्ट्रीय निदेशक
डॉ. सैंड्रो कैस्टेलाना, पूर्व अंतर्राष्ट्रीय निदेशक.
जैनिफर वैर, पूर्व अंतर्राष्ट्रीय निदेशक.
इंजीनियर एच.ओ.बी. लावल, पूर्व अंतर्राष्ट्रीय निदेशक.
कर्मचारी संपर्कः मैथ्यू कीफर.

## साइट फर्स्ट परामर्शदाता समिति

डॉ. पैट्टी हिल, एलसीआईएफ अध्यक्ष
फैब्रिसियो ओलिवेरा, अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष
ए.पी. सिंह, प्रथम अंतर्राष्ट्रीय उपाध्यक्ष.
मार्क एस. लियोन, द्वितीय अंतर्राष्ट्रीय उपाध्यक्ष.
डॉ. मनोज शाह, तृतीय अंतर्राष्ट्रीय उपाध्यक्ष.
ब्राइन ई. शीहान, पूर्व अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष.
डगलस अलेक्जेंडर, पूर्व अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष.
संजीव आहूजा, कार्यकारी प्रशासक, एलसीआई
रेबेका डाओ, कार्यकारी प्रशासक, एलसीआईएफ
डॉ. सिल्विओ पी. मैरिओटी
डॉ. काशेफ इजाज
डॉ. विलियम "बिल" मैक लॉग्लिन
डॉ. युईचिरो ओगुरा.
डॉ. गुल्लापल्ली एन. राव
डॉ. सर्ज रेजिनकॉफ.
कर्मचारी संपर्कः कैसोंड्रा बायर्ड

हम सेवा करते है

# अपनी पहचान बनाएं

## हमारे भविष्य को साकार करें



# अपनी पहचान बनाएं.

प्रत्येक जगह जहाँ हम सेवा करते है. हर समय हम जो देते है. हम करुणा और दयालुता के साथ, परिवर्तन करते है और आशा बढ़ाते है.

और हम जिनके जीवन को स्पर्श करते है उनके दिलों में अपनी छाप छोड़ते है, उन समाजो में जहाँ हम सेवा करते है और विश्व में साझा करते है.

**फैब्रिसियो ओलिवेरा**
अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष
2024–2025

## सेवा में प्राण फूंकना.

फैब्रिसियो ओलिवेरा से उनके मूल स्थान ब्राजील के विषय में पूछें. वे आपको बताएंगे कि वह तो विश्व के फेफड़े है. फिरोजी तटरेखा से घिरा एक सदा हराभरा क्षेत्र है. यहाँ एक छोटी नगर पालिका है. वे कपड़ा व्यवसायी के पुत्र है, उद्यमशीलता जिनके रक्त में है.

18 वर्ष की आयु तक फैब्रिसियो अपने पारिवारिक व्यवसाय में लगे रहे. वे सप्ताह भर पढ़ाई पर ध्यान केंद्रित करते थे, किंतु सप्ताहांत में वे अपने कार्य के लिए निष्ठापूर्वक यात्रा किया करते थे. इतने युवा फैब्रिसियो प्रेरित भी थे और उनका ध्यान कार्य के परिणामों पर केंद्रित था.

वे याद करके मुस्कुराते हुए कहते है, मैंने हर काम जल्दी किया है.

22 वर्ष की आयु में ही ये उत्साही उद्योगपति एक विवाहित पुरुष बन गया. वे और उनकी पत्नी अमारिलेस दोनों ही कैटोले डि रोशा ग्राम में पले बढ़े थे. जहाँ पर क्षेत्र की उष्णकटिबंधीय जलवायु के बाद भी, फैब्रिसियो ओलिवेरा प्रत्येक ऋतु के अनुकूल व्यक्ति सिद्ध हुए.

उन्हें व्यावसायिक सफलता तो मिल ही चुकी थी, उनके पास अनेकों व्यापारिक सौदे भी थे, तथा टेबल पर भी बहुत कुछ था. वे एक सफल नागरिकता का अनुभव कर रहे थे. उनके पास जनता के समक्ष प्रस्तुत होने के लिए कार्यालय में एक अनेकों अवसर थे. अब भी, फैब्रिसियो के जीवन में कोई कमी थी.

1985 की एक शाम

उस समय फैब्रिसियो और अमारिलेस, मित्रों के एक ऐसे समूह से जुड़े थे, जो सप्ताहांत में विभिन्न सामाजिक कार्यों के लिए एकत्रित होते थे. उनमें से कुछ मित्र पहले से ही काफी समय से लायन थे. उन्होंने ओलिवेरा को अपने स्थानीय क्लब का सदस्य बनने के लिए कहा.

हम इन्कार नहीं कर सके, उन्होंने स्वीकार किया, वे हमारे निकटतम मित्र थे और मैंने लायंस में कुछ विशेषता देखी और वह था, समाज को कुछ लौटाने का अवसर, जो मेरे लिए बहुत अच्छा था.

ये एक सहज आमंत्रण था, जिसने फैब्रिसियो ओलिवेरा और उनकी पत्नी को सदा के लिए लायन बना दिया.

इस तरह मैं लायन बन गया और प्रत्येक कार्य आरंभ हो गया. फैब्रिसियो याद करते हुए कहते है.

कार्य के प्रत्युत्तर में, सेवा के प्रति संकल्प गति पकड़ रहा है. अब कैटोले डी रोशा के व्यक्ति के लिए समय आ चुका है कि उसने जीवन में जो सीखा है, उसे अपनाकर नये तरीके से काम करे. एक लायन के रूप में करे.



"मैंने लायंस में कुछ विशेषता देखी है
और वह है उस समाज को वापस देने का अवसर
जो मेरे लिए बहुत ही अच्छा था."



# अग्र सक्रिय सकारात्मकता की कला.

**"फैब्रिसियो कहते है, ब्राजील में प्राकृतिक सौंदर्य है और ये असाधारण है."**

किंतु वर्षों पूर्व, जब वे लायन बने थे तब उनके गृहनगर में ऐसे क्षेत्र थे, जो स्वच्छ तथा उपयोग में आने वाले पानी के लिए संघर्षरत थे. इसके लिए फैब्रिसियो और उनके क्लब ने कार्य किया.

उनकी पहली सेवा परियोजना, जरूरतमंद स्थानीय क्षेत्रों में ताजा पानी पहुंचाने के लिए आवश्यक, हाथों से बने हुए सिरेमिक फिल्टर खरीदने के लिए आवश्यक धन संग्रह पर केंद्रित थी. इन उपकरणों द्वारा समाज के लिए ताजे पानी से अधिक बच्चों और उनके परिवारों के लिए स्वास्थ्य और खुशहाली आई. जिसकी उन्हें अत्यंत आवश्यकता थी

फैब्रिसियो याद करते है, "वह अद्‌भुत घटना थी," "जब हम उपकरण लेकर आए तो उनके चेहरों पर खुशी और मुस्कान थी. तब सचमुच मैं समझ पाया कि सेवा में कितनी शक्ति होती है और इसीलिए हम लायंस के रूप में कितने महत्वपूर्ण है.

उस क्षण के बाद से उन्होंने पीछे मुड़कर नहीं देखा, केवल आगे की ओर बढ़ना है. उन्हें सेवा का उपहार मिल गया है और इसके अलावा कुछ भी नही.

लायन के रूप में फैब्रिसियो अपने जीवन के अनुभव और व्यापारिक विशेषताओं को प्रतिदिन अभ्यास में लाते है. और वे देखते है कि जितना वे देते है, उतना ही वे पाते है.



"मैं सचमुच समझ गया कि सेवा कितनी शक्तिशाली हो सकती है और हम लायंस के रूप में कितने महत्वपूर्ण है."

"वे कहते है मैंने बहुत कुछ सीखा और अब भी सीख रहा हूँ. मेरे लिए लायंस दूसरे विश्वविद्यालय जैसा है."

किंतु कैटोले डी रोचा, के व्यक्ति के लिए, ये एक दूसरे परिवार के जैसा है, एक ऐसा वैश्विक परिवार जिसमें अतुलनीय क्षमता, दुर्लभ सकारात्मकता है, जिसे वह संभालता है. एक ऐसा परिवार जो आगे आकर सक्रिय उदाहरण के साथ नेतृत्व कर स्वयं को गौरवान्वित अनुभव करता है.

लायंस ने अनेकों समाजों में तथा अनेकों व्यक्तियों के जीवन को परिवर्तित किया है– जिसमें मेरा स्वयं का जीवन भी सम्मिलित है, जिसमें बड़ा परिवर्तन आया है.

इसीलिए फैब्रिसियो नये सदस्यों को आमंत्रित करने और नये क्लब संस्थापित करने की ओर ध्यान केंद्रित करना चाहते है, जिससे और अधिक लोग उस संतुष्टि तथा उद्देश्य की भावना का अनुभव कर सकें, जो उन्होंने की है.

फैब्रिसियो ओलिवेरा सदैव लायन रहेंगे तथा हमेशा एक उद्यमी की तरह विचार करेंगे. इसीलिए उनका मानना है कि शुरूआत वे ही करते है, जो इसे करना चाहते है. हमारे पास न केवल विशाल चीजों को प्राप्त करने की शक्ति है, अपितु हमारा उत्तरदायित्व है विशाल चीजों को प्राप्त करना.

जब हम अपनी प्रतिभा और कौशल को अपने समाज की प्रगति में लगाते है, तब हम विश्व में अपनी पहचान बना कर– छाप छोड़ जाते है.

## अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष का संदेश 2024-2025

# अपनी पहचान बनाएं.

**प्रत्येक लायन के अंदर एक लीडर होता है.**

और लीडर्स जानते हैं कि सामूहिक कार्य तथा व्यक्तिगत संकल्प के द्वारा हम पूरे समाज को प्रेरित कर सकते है तथा सशक्त बना सकते है. उन्हें पहले से अधिक स्वस्थ और सशक्त बना सकते है तथा हम अपनी पहचान बना रहे है.

लीडर्स के रूप हम क्लब्स के माध्यम से लोगों को एकजुट करते है तथा सेवा अभियान में जोड़ते है. हम सहयोग को बढ़ावा देते है ताकि हम वह कर सकें, जिसे दूसरे लोग कहते है कि नहीं किया जा सकता. हम नवीनतम तकनीकों को अपनाते है. जिससे हम जीवन में अपनी सेवा में साहसिक दृष्टिकोण अपना सकें. हम सेवाभावी लोगो को अपने साथ कार्य करने का अवसर देते है, जिससे वे भविष्य में लायंस का नेतृत्व कर सके और हम अपने साथ जो भी नया सदस्य लाते है, उसके साथ हम भविष्य में अपनी सेवा की पहचान बनाते है.

साथ मिलकर हम जरूरतमंद लोगों तक पहुंचते है. हम उन आवाजों को सुनते है जो अक्सर अनसुनी रह जाती है. हम जीवन में इस तरह परिवर्तन लाते है. जो केवल लायंस ही कर सकते है. जिस समाज की हम सेवा करते है तथा जिनके जीवन को स्पर्श करते है, हम एक अविस्मरणीय छाप छोड़ते है.








LIONS INTERNATIONAL





# एक साथ मिलकर अपनी पहचान बनाना.

**हर दिन हमें लायंस के रूप में अपनी पहचान बनाने का अवसर प्रदान करता है. अतः कार्य करें, वैश्विक प्राथमिकताओं पर विचार करें, कि लायंस और जिस समाज की हम सेवा करते है, उन्हें सशक्त बनाने के लिए हम किस प्रकार सहायता कर सकते है.**

**अधिक देने के लिए आगे बढ़ें.**
जैसे जैसे सेवा की आवश्यकता बढ़ती है, हमें भी बढ़ने की आवश्यकता है. आइए नये सदस्यों को आमंत्रित करें तथा नये क्लब संस्थापित करें, ताकि हम **अभियान 1.5** के लक्ष्य को प्राप्त कर सकें. जिससे हम अपने समाज में अधिक लायंस ला सकें और अधिक सेवा कर सकें. क्योंकि हम विश्व में एक अरब लोगों की सेवा करने की दिशा में कार्यरत है.

**साथ मिलकर सशक्त बनें.**
हमारा वैश्विक संगठन हमारी सेवा गतिविधियों में सहायक है, तभी हम विश्व में स्थायी परिवर्तन ला सकें. तो आइए इसे सुनिश्चित करने के लिए हम एलसीआईएफ की सहायता करें ताकि जब भी, जहाँ भी आवश्यकता हो हम एक साथ सेवा करने के लिए तैयार है.

**अगला कदम बढ़ाएँ.**
हम अपनी नेतृत्व क्षमता को बढ़ाएं जिससे हम अपने क्लब्स तथा सेवा गतिविधियों को बढ़ा सकें. सेवा कार्यों को बढ़ाने के लिए क्लब तथा समाज में नये अवसरों की तलाश करें.

**अपने समाज की कल्पनाओं को अपनाएँ.**
लायंस के रूप में हम असाधारण कार्य करते है. अच्छा प्रचार और जनसंपर्क आपको अपनी कहानी बताने तथा अपने समाज का ध्यानाकर्षण करने तथा कल्पनाओं को अपनाने में सहायक हो सकते है. अतः अन्य लोगो को लायंस के रूप हमसे जुड़ने के लिए और सेवा के लिए प्रेरित करने के लिए, अपनी सेवा का प्रचार करें.

बचपन के कैंसर
से जूझ रहे एक युवा
के लिए, लायंस
स्वयंसेवक सचमुच एक
सुपर हीरो है.




BRASIL







# महान सेवा की पहचान

**लायंस उदाहरण द्वारा नेतृत्व करते है. जो हमारे पास है और सदैव रहेगा. सफलता की ये कुंजियाँ आपकी वास्तविक सेवा क्षमता को प्रस्तुत करने में सहायक हो सकती है तथा आपके आसपास के लायंस को भी प्रेरित कर सकती है.**

### अग्रसक्रिय रहें.

हमारे समाज में आवश्यकताएँ बहुत अधिक है, अतः कार्य करने के लिए प्रतीक्षा न करें. किसी आवश्यकता की तलाश कर सक्रिय हो जाएं. यही है वह बात जो हमें समाज के प्रति उत्तरदायी बनाती है तथा हमें अन्य लोगों से अलग करती है.

### अपने दृष्टिकोण को जीवन में उतारें.

जहाँ अन्य लोगों को बाधाएँ दिखाई देती है. हम वहाँ अवसर देखते है. अतः अपना दृष्टिकोण सेवा का बनाएं. आसपास के लोगों को एकजुट करें, फिर साहसपूर्ण रूप से सोचें. निर्णय लेकर कार्य करें और अपने जीवन में सेवा को लाएं.

### सकारात्मक परिणामों पर ध्यान केंद्रित करें.

जब हम सकारात्मक परिणामों पर ध्यान केंद्रित करते है तो हमें सर्वश्रेष्ठ परिणाम प्राप्त होते है. आइए हम उस परिवर्तन को परिभाषित करें, जिसे हम अपने समाज में देखना चाहते है. ताकि हम उसे वास्तविक रूप देने के लिए योजनाएं बनाना आरंभ कर सकें.





# लायंस क्वेस्ट भारतः संपूर्ण विश्व में युवाओं को सशक्त बना रहा है.

द्वाराः शैल्बी वाशिंगटन.

चार दशकों से लायंस क्वेस्ट युवाओं पर गहरा प्रभाव डाल रहा है. तीव्रता से विकसित हुआ है तथा युवाओं को उनकी पूर्ण क्षमता तक पहुंचने में सहायता करके सार्थक साझेदारी बनाई है. लायंस क्वेस्ट, लायंस क्लब्स इंटरनेशनल फाउंडेशन (एलसीआईएफ) व्यापक तथा सार्वभौमिक, प्रमाणित, सामाजिक तथा भावनात्मक शिक्षण कार्यक्रम है. इस वर्ष एलसीआईएफ द्वारा लायंस क्वेस्ट को स्वतंत्र रूप से दिए गये पहले अनुदान की 40वीं वर्षगांठ है. इन वर्षों में दोनों संगठनों की निकटता बढ़ गई और 2002 में एलसीआईएफ ने इस कार्यक्रम खरीद लिया. अब तक एलसीआईएफ ने पूरे संयुक्त राज्य अमेरिका तथा विश्व में लायंस क्वेस्ट कार्यक्रमों को स्थापित करने अथवा विस्तृत करने के लिए कुल मिलाकर 360 अनुदान प्रदान किए है जो 20 मिलियन $ से अधिक है. दुनिया भर में तीव्रता से वृद्धि इस निवेश का स्वाभाविक परिणाम रही है. 110 देशों में 40 भाषाओं में 20 मिलियन छात्र लायंस क्वेस्ट तक पहुंचे है.




**अकेले भारत में ही लायंस क्वेस्ट से 2 मिलियन से अधिक छात्र लाभान्वित हुए है और लगभग 40,000 शिक्षकों को प्रशिक्षित किया गया है. इस कार्यक्रम को देश भर में छात्रों के लिए लाने हेतु पूर्व अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष रोहित मेहता के निर्णय के लिए धन्यवाद**

मात्र भारत में ही लायंस क्वेस्ट द्वारा 2 मिलियन से अधिक छात्र लाभान्वित हुए है तथा 40,000 शिक्षकों को प्रशिक्षित किया गया है. इस कार्यक्रम को देश भर के छात्रों के लिए लाने हेतु पूर्व अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष रोहित मेहता के निर्णय को धन्यवाद.

लायंस क्वेस्ट की कहानी का आरंभ 1975 में हुआ, जब रिक लिटिल नामक दृढ़ निश्चयी किशोर, अन्य युवाओं को सफल वयस्क बनने के लिए आवश्यक कौशल और सशक्त चरित्र विकसित करने के लिए खोज पर निकला. लिटिल ने अपनी यात्रा की शुरूआत की, हाईस्कूल के 2000 से अधिक छात्रों का सर्वेक्षण करके उन विषयों को जानने का प्रयास किया. जो उन्हें सबसे अधिक चिंतित करते थे. प्रारंभिक सफलता ने मिडिल स्कूल के विद्यार्थियों के लिए कार्यक्रम में विस्तार और किशोरावस्था के लिए कौशल विकास को प्रेरित किया. जिसने आगे बढ़कर एक सामाजिक और भावनात्मक शिक्षण कार्यक्रम का नेतृत्व किया.

नवीनतम विचार की इस भावना के सात लायंस क्वेस्ट ने पाठ्यक्रम प्रशिक्षण और पूरक सामग्री का पूर्णतः संशोधन किया. एल्विन एटकिंसन, विंस्टन सलेम के सदस्य



ट्विन सिटी होस्ट लायंस क्लब का कहना है, "आज के युवा, 10–15 वर्ष के पूर्व युवाओं जैसे नही है. सौभाग्य वश, लायंस क्वेस्ट एक प्रमाण पर आधारित कार्यक्रम है, जो यह देखता है कि शिक्षण के अनुरूप काम हो रहा है या नही. ये एक प्रौद्योगिकी के रूप में विकसित हो कर युवाओं के जीवन में विकास करता है." नये पाठ्यक्रम में, पाठ्य सामग्री को अधिक गतिशील तथा छात्र केंद्रित होने के साथ–साथ छोटा तथा अधिक सुव्यवस्थित बनाने के लिए सुधार किया जा रहा है. लक्ष्य है, पाठों को उपयोग हेतु सरल तथा प्रभावशाली बनाना है.

सावधानीपूर्वक चयन किए गए संसाधन बच्चों, किशोरों तथा वयस्कों की भावनाओं को समझने संभालने, लक्ष्य निर्धारित करने, उन्हें प्राप्त करने, दूसरों के प्रति सहानुभूति, अनुभव करना, प्रदर्शित करना, सकारात्मक संबंध बनाने तथा उत्तरदायित्व पूर्वक निर्णय लेने के लिए, आवश्यक ज्ञान और कौशल प्राप्त करने तथा प्रभावशाली ढंग से प्रयोग में लाने में सहायता के लिए निरंतर काम करता है. लायंस क्वेस्ट के प्रशिक्षक, चिप हैरिस का कहना है कि मुझे लगता है कि सामाजिक तथा भावनात्मक शिक्षण के अंश के रूप में लायंस क्वेस्ट कार्यक्रम महत्वपूर्ण है. जब 40 वर्ष पूर्व मैंने अपना कार्य आरंभ किया था, तब वे आलोचनात्मक थे और आज वे अधिक महत्वपूर्ण है, क्योंकि सामाजिक और भावनात्मक शिक्षा बड़ी संख्या में लोगों को एक साथ लाती है और उन्हें एक दूसरे का सम्मान करने तथा सहायता करने में सक्षम बनाती है.

मात्र 40 वर्षों में लायंस क्वेस्ट ने विश्व भर के लाखों युवाओं के लिए भावनात्मक तथा सामाजिक शिक्षा को आकार दिया है. जैसे–जैसे कार्यक्रम विकसित होता है, ये छात्रों के जीवन में प्रगति करने, गलत कार्यों को तथा मादक द्रव्यों के सेवन को रोकने में आवश्यक योग्यता विकसित करने के लिए पाठ्यक्रम तथा संसाधन जारी रखेगा. यह सक्रिय विकास लायंस क्वेस्ट की नवीनतम विरासत को अगले दशक में आगे बढ़ाएगा.

अधिक जानकारी के लिए *www.lions-quest.org* पर जाएं.



# अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष ओलिवेरा का कार्य हेतु आव्हानः

## संपूर्ण भारत के लायंस ने सेवा तथा वृद्धि के लिए प्रतिक्रिया की.

जुलाई 2024 में, अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष फैब्रिसियो ओलिवेरा तथा प्रथम महिला एमारिलेस भारत यात्रा पर आए. जिसमें प्रभावशाली कार्यक्रमों की श्रृंखला आयोजित की गई. जिसमें लायनवाद की भावना का उत्सव मनाया गया. उनकी इस यात्रा में प्रेरक भाषण, स्थायी परियोजनाओं के शिलान्यास समारोह एवं नये क्लब्स के उद्घाटन कार्यक्रम सम्मिलित थे. अहमदाबाद और मुंबई के चहल–पहल भरे शहरों और मदुरै के संस्कृति समृद्ध तथा हैदराबाद के एतिहासिक नगर तक हुई, सभाओं में लायन लीडर्स, क्लब अध्यक्ष तथा नये सदस्य सेवा तथा वृद्धि के संयुक्त संकल्प सहित एकत्रित हुए.





**एमडी 3232** 20–22 जुलाई 2024

अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष फैब्रिसियो ओलिवेरा तथा प्रथम महिला अमारिलेस की अहमदाबाद तथा गुजरात यात्रा का यह पूर्ण योजना बद्ध कार्यक्रम था. मल्टिपल डिस्ट्रिक्ट 3232 ने यात्राओं की एक श्रंखला आयोजित की, जिसमें उन्हें डिस्ट्रिक्ट के लायंस द्वारा किए गए प्रभावशाली सेवा कार्यों की झलक दिखाई दी.



**लालजी मेहरोत्रा लायंस स्कूल में अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष का सपत्नीक, पारंपरिक विधी से स्वागत किया गया. सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति की गई तथा आपसी वार्तालाप भी हुआ.**

सिविल अस्पताल के बाल–कैंसर विभाग में अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष फैब्रिसियो ओलिवेरा तथा प्रथम महिला अमारिलेस ने कैंसर पीड़ित बच्चों को खिलौने, भोजन तथा दवाएं वितरित की, उस समय चुनौतीपूर्ण स्थितियों से जूझ रहे बच्चों के चेहरों पर मुस्कान आ गई.

अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष तथा प्रथम महिला ने स्थानीय लोगों के स्वास्थ्य की देखभाल के प्रयासों के विषय में जानकारी लेने के लिए, लायंस कर्णावती शांताबेन विष्णु बाई पटेल नेत्र चिकित्सालय, लायंस ब्लडबैंक तथा रोहित मेहता मेडिकल केंद्र की भी यात्रा की.



स्थानीय महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए 11 सिलाई मशीनें भेंट की. जो स्थायी रूप से उनकी आजीविका का साधन बनेंगी. उन्होंने विशेष आवश्यकता वाले व्यक्तियों को 10 व्हीलचेयर भी प्रदान की, जिससे उन्हें जीवन में गतिशीलता के साथ स्वतंत्रता भी मिली.





**एमडी 3231**

**23 जुलाई 2024**

मुंबई में अध्यक्षीय सम्मेलन में एमडी 3231 के सभी 4 डिस्ट्रिक्ट्स के क्लब अध्यक्ष, अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष फैब्रिसियो ओलिवेरा तथा प्रथम महिला एमारिलेस से मिलने तथा बातचीत करने के लिए रैडिसन ब्लू होटल में एकत्रित हुए. अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष फैब्रिसियो ओलिवेरा ने प्रेरणादायक भाषण के पश्चात, प्रत्येक उपस्थित क्लब अध्यक्ष को व्यक्तिगत रूप से सम्मानित किया.

उन्होंने चार डिस्ट्रिक्ट्स के 75 क्लब अध्यक्षों की भी प्रशंसा की, जिन्होंने लायनिस्टिक वर्ष के प्रथम माह में ही डिस्ट्रिक्ट में 200 से अधिक सदस्य सम्मिलित किए. इस कार्यक्रम के अंतर्गत ही अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष फैब्रिसियो ओलिवेरा ने व्यक्तिगत रूप से दस नये लायन सदस्य सम्मिलित किए.

शाम का एक अन्य मुख्याकर्षण था. अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष फैब्रिसियो ओलिवेरा के आव्हान पर लियोज का लायंस में परिवर्तित होना.








**एमडी 320**

**25-26 जुलाई 2024**

अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष फैब्रिसियो ओलिवेरा एवं प्रथम महिला एमारिलेस ने हैदराबाद के बाहरी क्षेत्र में स्थित बतासिंगराम ग्राम में एलसीआईएफ द्वारा आर्थिक सहायता प्राप्त लायंस पावनी प्रकाश धर्मशाला तथा लायंस निर्मला सूर्य राज मेमोरियल नेत्र चिकित्सालय तथा मधुमेह देखभाल केंद्र की आधारशिला रखी. कार्यक्रम में भाषण देते समय अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष ने इन शुभारंभों के लिए स्थानीय लायंस की प्रशंसा की.




धर्मशाला परियोजना का उद्देश्य असाध्य रूप से बीमार रोगियों को उनके अंतिम समय तक दयालुता पूर्ण देखभाल प्रदान करना है.

26 जुलाई को अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष ओलिवेरा ने एमडी 320 के इंजीनियर संस्थान खैरताबाद में ग्लोबल एक्शन टीम सम्मेलन में उपस्थिति दर्ज कराई. उन्होंने **अभियान 1.5** का महत्व बताते हुए, सदस्यता वृद्धि तथा सदस्यों को बनाए रखने पर जोर देते हुए. गुणवत्तापूर्ण सेवाकार्यों द्वारा क्लब्स को सुदृढ़ बनाने की बात कही. इस कार्यक्रम के अंतर्गत नये सदस्यों को भी सम्मिलित किया गया.



उस दिन बाद में शमशाबाद में डिस्ट्रिक्ट 320ए में केबिनेट संस्थापन के समय अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष ने एलसीआईएफ योगदान को प्रोत्साहन दिया तथा इसमें सहयोग के लिए डिस्ट्रिक्ट की प्रशंसा की.





एमडी 324

29 जुलाई 2024

तमिलनाडु की सांस्कृतिक राजधानी मदुरै एक समृद्ध एतिहासिक शहर है. यहाँ एक और ऐतिहासिक घटना हुई, जब एमडी 324 के लायंस ने अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष फैब्रिसियो ओलिवेरा के "मेक योर मार्क्स" वाक्य के अनुरूप प्रतिक्रिया की. यह सचमुच एक गौरव का पल था, जब अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष ने मल्टिपल में 48 नये क्लब्स का शुभारंभ किया. इस अवसर पर उन्होंने व्यक्तिगत रूप से 10 नये सदस्यों को सम्मिलित किया. इस कार्यक्रम में मल्टिपल का विकास प्रत्यक्ष रूप से दिखाई दिया. जिसमें लायंस का सेवा के प्रति संकल्प स्पष्ट दिखाई दिया. इस बात का प्रमाण ये है कि 14 सब–डिस्ट्रिक्ट्स से एलसीआईएफ के लिए कुल 385,000$ योगदान प्राप्त हुआ. अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष ओलिवेरा ने शुभारंभ की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह स्थायी प्रभाव की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है.

मदुरै की यात्रा के अंतर्गत उन्होंने डिस्ट्रिक्ट 324बी के कैबिनेट संस्थापन भी किया.








# विश्व के शीर्ष पर डाउन अंडर

**लायंस के विशिष्ट वार्षिक मुख्य कार्यक्रम के लिए, विश्व भर से लायंस एवं लियोज, 21 जून से 25 जून 2024 तक मेलबॉर्न ऑस्ट्रेलिया में एकत्रित हुए.**




106वें लायंस के अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन के मुख्याकर्षणों में संगीतकारों तथा कलाकारों का विश्व स्तरीय मनोरंजन सम्मिलित था. जिसमें एल्टन जॉन एक्सपीरिएंस तथा **परेड ऑफ नेशंस** ने विश्व भर में लियोज तथा लायंस की विविध संस्कृतियों का उत्सव मनाया.









अपने क्षेत्र के नवप्रवर्तकों के एक पैनल के रोचक सेमिनार तथा प्रेरणादायक उद्‌बोधनों ने लायंस को जोखिम लेने, अवसर का लाभ उठाने तथा जरूरतमंद लोगों की उत्तम सेवा के लिए टीम के साथ कार्य करने के संकल्प को चुनौती दी.

जिसमें अंतरिक्ष यात्री क्रिस हैडफील्ड, महासागर खोजकर्ता एलेक्जेंड्रा कॉस्ट्यू तथा तकनीकी उद्यमी मारिता चौंग भी सम्मिलित थे.





लायंस ने गैर लाभकारी संगठन, स्टीफन लुइस फाउंडेशन को लायंस मानवतावादी पुरस्कार से सम्मानित किया. यह पुरस्कार अनुकरणीय मानवीय प्रयासों के लिए किसी व्यक्ति या संगठन को दिया जाने वाला एसोसिएशन का सर्वोच्च सम्मान है. इसके अलावा, लायंस ने 2023–2024 पीस पोस्टर प्रतियोगिता तथा शांति निबंध प्रतियोगिता के विजेताओं का उत्सव मनाया, जिसमें 11–13 वर्ष की आयु के किशोर अधिक शांतिपूर्ण विश्व हेतु अपने विचार साझा करते है.









लायंस अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन ने लायंस और लियोज के लिए मेलबॉर्न में अपने समय में कुछ विशेष करने के उद्देश्य से एक उत्प्रेरक के रूप में भी कार्य किया. स्वयंसेवकों ने कुछ प्रभावशाली सेवा परियोजनाओं में सहभागिता की, जिनमें जरूरतमंद लोगों को पौष्टिक भोजन प्रदान करना, नेत्रहीन तथा दृष्टि बाधित पाठकों के लिए ब्रेललिपि की पुस्तकें एकत्रित करना तथा सुंदर यालुकिट विलम नेचर रिजर्व की सफाई करना सम्मिलित है.

**मेलबॉर्न में हमारे साथ सम्मिलित नहीं हो सके?**

कोई बात नही. हम इस शो को 2025 में मैक्सिको सिटी में ले जा रहे है और हम आपको वहाँ देखना चाहेंगे. पर रजिस्ट्रेशन

**आज ही करें.**



# एलसीआईएफ चेयरपर्सन की भारत यात्रा के अंतर्गत लायंस की सेवा की विरासत चमक उठी.



भारत के अनेकों डिस्ट्रिक्ट्स की तूफानी यात्रा के अंतर्गत एलसीआईएफ चेयरपर्सन पूर्व अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. पैट्टी हिल ने पूरे देश में लायंस द्वारा किए जाने वाले सेवा कार्यों की शुरूआत, विस्तार तथा गहराई की अनुभूति की. यहाँ उस यात्रा के मुख्य अंश प्रस्तुत है.

## एमडी 3231

12 जुलाई को रेडिसन ब्लू होटल मुंबई में एलसीआईएफ की चेयरपर्सन पूर्व अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. पैट्टी हिल के सम्मान में एक कार्यक्रम में एमडी, 3231 ने हमारे फाउंडेशन में महत्वपूर्ण योगदान दिया. समूह ने 118,000$ अमेरिकी डॉलर का योगदान दिया तथा भविष्य में 194,000 $ अमेरिकी डॉलर का योगदान देने का वादा किया.




## एमडी 317

एलसीआईएफ चेयरपर्सन पूर्व अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. पैट्टी हिल को सम्मानित करने के लिए एमडी 317 द्वारा आयोजित एलसीआईएफ सम्मेलन में 250 से अधिक लायंस ने सहभागिता की.

इस कार्यक्रम में 170 लायंस को उनके एमजेएफ और पीएमजेएफ योगदान हेतु सम्मानित किया गया. अनेकों डिस्ट्रिक्ट्स ने संगठन के प्रति अपने दृढ़संकल्प को प्रदर्शित करते हुए सामूहिक रूप से 177,779$ अमेरिकी डॉलर का योगदान दिया.

**जब मैसूर में.....**



स्थानीय परंपराओं के अनुरूप, पूर्व अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. पैट्टी हिल ने मैसूर सिल्क की साड़ी और पारंपरिक मैसूर पेटा पहनकर डिस्ट्रिक्ट 317जी के कैबिनेट का संस्थापन कराया. स्थानीय संस्कृति के प्रति इस सहमति ने मैसूर की समृद्ध विरासत का प्रदर्शन किया. जो 18वीं शताब्दी से अपने रेशम के लिए प्रसिद्ध है.

अपनी लायंस यात्रा के अंतर्गत 18 जुलाई को बैंगलोर लायंस सर्विस ट्रस्ट **ब्लड सेंटर**, में डॉ. पैट्टी हिल ने सैक्सो ऑटोमेटेड क्रॉस –मैचिंग मशीन का उद्घाटन किया.

> "रक्त सेवाओं के आपके दीर्घ इतिहास, प्रतिदिन लोगों के जीवन रक्षण के लिए बधाई. लायंस, एलसीआईएफ तथा हमारे सामाजिक सहयोगी सचमुच जीवन में परिवर्तन कर रहे है.
>
> –डॉक्टर पैट्टी हिल
> चेयरपर्सन, एलसीआईएफ"



**डॉक्टर एस. आर. चंद्रशेखर, वाक् एवं श्रवण संस्थान,** 45 वर्षों से अधिक समय से, बैंगलोर ईस्ट लायंस क्लब (डिस्ट्रिक्ट 317ई) की जीवन परिवर्तन करने वाली स्थायी परियोजना लोगों को पुनर्वास सेवाएँ प्रदान कर रही है. डॉक्टर पैट्टी हिल ने संस्थान की यात्रा कर विद्यार्थियों से मुलाकात की.

उन्होंने **बैंगलोर वेस्ट लायंस श्री विद्यासागर ओसवाल ऑप्थैल्मोलॉजी संस्थान** की भी यात्रा की और चतुर्थ निःशुल्क मधुमेह रैटिनोपैथी शिविर का उद्घाटन किया.

## एमडी 318

एलसीआईएफ चेयरपर्सन पूर्व अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉक्टर पैट्टी हिल ने डिस्ट्रिक्ट 318सी की त्रिदिवसीय यात्रा में लायंस की विभिन्न सामाजिक सेवाओं की शुरूआत देखी.

अर्नाकुलम में लायंस नेत्र चिकित्सालय में, उन्होंने दो नयी परियोजनाओं का उद्घाटन किया. प्रतिदिन 1000 लोगों को भोजन वितरित करने के लिए सामूहिक रसोई व्यवस्था तथा एक डायलिसिस केंद्र जो प्रतिमाह 600 बार निःशुल्क सत्र प्रदान करने के लिए सुसज्जित है.

डिस्ट्रिक्ट 318सी द्वारा आयोजित, मल्टिपल 318 के एलसीआईएफ सम्मेलन में मल्टिपल की ओर से 250,000$ के योगदान का संकल्प लिया गया. जिसमें डिस्ट्रिक्ट 318सी ने अकेले ही 110,000$ का योगदान देने का वचन दिया. अपने उद्बोधन में डॉक्टर पैट्टी हिल ने विशेष रूप से सदस्यता वृद्धि तथा स्थायी वैश्विक सेवा गतिविधियों के प्रयासों पर जोर दिया. डॉ. पैट्टी हिल ने कोठामंगलम गांव की भी यात्रा की, जहाँ कोठामंगलम लायंस क्लब की स्वर्ण जयंती के अवसर पर जरूरतमंद परिवारों के लिए 20 घर बनाए गए थे

अपनी संपूर्ण यात्रा के अंतर्गत डॉक्टर पैट्टी हिल लायन सदस्यों के साथ रही. उनकी उपलब्धियों को पहचाना तथा भविष्य में सामाजिक सहायता के शुभारंभों के लिए प्रेरित किया.



## एमडी 322

डिस्ट्रिक्ट 322एफ की यात्रा के अंतर्गत, एलसीआईएफ की चेयरपर्सन पूर्व अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉक्टर पैट्टी हिल ने सिलीगुड़ी में अनेकों स्थायी परियोजनाओं को देखा. सिलीगुड़ी ग्रेटर लायंस क्लब (डिस्ट्रिक्ट 322एफ) के एन.ए.बी.एच. से मान्यता प्राप्त सिलीगुड़ी ग्रेटर लायंस नेत्र चिकित्सालय स्थायी परियोजना की यात्रा की.उन्होंने अस्पताल के यूनिट 1 में 35 से अधिक रोगियों से बातचीत की और यहाँ के नेत्र सुरक्षा कार्यक्रम को प्रत्यक्ष रूप से देखा.







उनके यात्रा कार्यक्रम में सिलीगुड़ी तराई लायंस क्लब की जीवन रक्षक परियोजना तथा सिलीगुड़ी तराई लायंस ब्लड सेंटर में रुकना सम्मिलित था.उन्होंने थैलेसीमिया के (डे केयर सेंटर) दिवसीय देखभाल केंद्र की यात्रा की तथा दी जाने वाली सेवाओं की प्रशंसा भी की. उन्हें ब्लड सेंटर के कार्यों ने सर्वाधिक प्रभावित किया उन्होंने इसे विश्व स्तरीय सुविधा बताया.

उन्होंने अमरपति लायंस सिटिजंस पब्लिक स्कूल की यात्रा की जो कि सी.बी.एस.सी. संबद्ध स्कूल है, जो सिलीगुड़ी सिटिजंस लायंस क्लब की एक शुरूआत है.

उनके सम्मान में आयोजित भोज में डिस्ट्रिक्ट 322एफ की एलसीआईएफ टीम ने डॉक्टर पैट्टी हिल को 101,000$ का योगदान दिया तथा 75 एम.जे.एफ. सदस्यों को मान्यता प्रदान की गई. टीम ने नये लायनिस्टिक वर्ष में निरंतर सहायता करने का वचन दिया.



परिवर्तन की दहाड़
2024-2025

# सहयोगी संपादकों का सम्मेलन 2024.
# लायन (भारतीय) पत्रिका के लिए नये डिजिटल युग का शुभारंभ.




वे भारत के विभिन्न स्थानों से आए थे और जैसा कि संपादक पीआईडी वामसीधर बाबू ने आग्रह किया था. उसमें बहुत सारे विचारों को संकलित करने की बात याद दिलाई तथा लायन को विश्व की सर्वश्रेष्ठ पत्रिका बनाने का वादा किया.

## परिवर्तन की दहाड़ 1 और 2 अगस्त 2024 को बंगलौर के ताज में कैंपेगौड़ा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर आयोजित सहयोगी संपादकों के सम्मेलन में एक आकर्षक व्हाट्सएप अभियान के लिए वातावरण बनाया.



चेयरपर्सन पी.आई.डी. जितेंद्र सिंह चौहान द्वारा कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया. दो दिवसीय कार्यक्रम उत्साह से परिपूर्ण था. क्योंकि प्रतिभागियों ने लायन (इंडिया) पत्रिका के नये डिजिटल प्रारूप के लिए तैयारी की. पी.आई.डी. विजय कुमार राजू ने चेंजिंग फेस ऑफ द लायन (इंडिया) पत्रिका (द लायन (भारत) पत्रिका के परिवर्तित रूप) के विषय में बात करते हुए ये वादा किया कि, ये वही पत्रिका नहीं होगी जिसके हम आदी रहे है, ये बहुत रोचक होगी.परिवर्तन की आवश्यकता पर जोर देते हुए उन्होंने नये युग के सहयोगी संपादकों से पत्रिका को अगले स्तर पर ले जाने का आग्रह.

कार्यक्रम पूर्णतः भरा हुआ था. द लायन पत्रिका के पूर्व संपादक पी.आई.डी.आर. मुरुगन तथा कृष्णा रेड्डी एवं जुंदे आर्ट कॉपी की नाहिदा सुनील के सत्र थे. प्रणव तथा नताशा जटिया, संरचना मार्गदर्शक के रूप में अप्रत्यक्ष रूप से सम्मिलित हुए. उन्होंने महत्वपूर्ण रूप से सोशल मीडिया सामग्री को आकर्षक बनाने के लिए मार्गदर्शन दिया.

सम्मेलन की समाप्ति पर प्रतिभागियों को सम्मान पत्र प्रदान किए गए. यद्यपि यह एक समापन नही, अपितु नया शुभारंभ था. नये विचार, नयी रणनीतियों और नये उद्देश्यों से सुसज्जित, संपादकीय टीम अब लायन (इंडिया) पत्रिका को एक गतिशील डिजिटल मंच में बदलने के लिए तैयार है. जो पूरे भारत ही नही उसके बाहर भी लायंस की दहाड़ को सुनाएगी.





# संपादकीय कर्मचारी

प्रधान संपादक – संजीव आहूजा
रचनात्मक निदेशक – डैन हर्वे
प्रबंधन संपादक – क्रिस्टोफर बंच
भारतीय संस्करण संपादक – पूर्व अंतर्राष्ट्रीय निदेशक के. वामसीधर बाबू
वरिष्ठ संपादक – जैनी मैक्सेस
सह संपादक – जॉन कैरी
परियोजना प्रबंधक – ब्रैट हैरिंगटन
कला समूह – एंड्रिया बर्न्स, जैसन लिंच, मॉर्गन आटकिन्स, लीसा स्मिथ क्रिस वीब्रिंग, सन्या हिंट्स. क्रिस्टी स्मिथ कॉबस.

लायंस इंटरनेशनल द्वारा वर्ष में दो संस्करणों का प्रकाशन किया जाता है.
300 W.22nd St.Oak Brook, IL 60523-8842)
(630) 571-5466/Fax: (630) 571-8890
magazine@lionsclubs.org
www.lionsmagazine.org

विषय वस्तु सुरक्षाधिकार © 2024 द्वारा.
द इंटरनेशनल एसोसिएशन ऑफ लायंस क्लब्स.
सर्वाधिकार सुरक्षित.
लिखित अनुमति के बिना, संक्षिप्त उद्धरणों को छोड़कर, पूर्ण रूप से या आंशिक रूप से पुनरुत्पादन प्रतिबंधित है.

(ISSN 0024-4163) (R-124397233)
(यू.एस.ए. में मुद्रित)

भारतीय संस्करण (वार्षिक 11 अंक प्रकाशित)

**प्रबंधन मंडल**
अध्यक्ष– पीआईडी जितेंद्र चौहान

सदस्यः
पीआईडी विजय कुमार राजू
पीआईडी के. वामसीधर बाबू
पीआईडी आर. मुरुगन
पीआईडी आर. सुनील कुमार
पीआईडी संगीता जटिया
पीएमसीसी संतोष शेट्टी
पीआईडी प्रवीण छाजेड़
पीआईडी डॉ. नवल जे. मालू
पीआईडी आर. मथानागोपाल.

**संपादकीय समिति**
संपादक– पीआईडी के. वामसीधर बाबू

सहयोगी संपादकः
पीडीजी एम. एस. एस. सर्मा
पीएमसीसी एच. टी. सीथारामा
पीडीजी अलेक्स कुर्लाकोस
पीडीजी गंदानी श्रीनिवास
पीडीजी मनोज रूहेला
पीडीजी जयंती मलिक
पीडीजी रवींद्र कड़ेल
पीडीजी मोना शेठ
पीडीजी डॉ. अशोक बावस्कर
पीडीजी जॉन पीटर.

लायन पत्रिका, लायंस इंटरनेशनल का आधिकारिक प्रकाशन, निदेशक मंडल के प्राधिकार द्वारा, 19 भाषाओं में प्रकाशित किया जाता हैः अंग्रेजी, स्पैनिश, जापानी, फ्रेंच, स्वीडिश, इटालियन, जर्मन, फिनिश, कोरियाई, पुर्तगाली, डच, डेनिश, चीनी, ग्रीक, नॉर्वेजियन, तुर्की, थाई, नेपाली और हिंदी.

**कार्यकारी अधिकारी.**
अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष फैब्रिसियो ओलिवेर, ब्राजील, आसन्नपूर्व अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. पैट्टी हिल कनाडा, प्रथम अंतर्राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ए.पी. सिंह, भारत, द्वितीय अंतर्राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मार्क एस. लियोन, अमेरिका, तृतीय अंतर्राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. मनोज शाह. केन्या.

**निदेशक गण**
द्वितीय वर्ष के निदेशक.
बालकृष्ण बुरलाकोटि, नेपाल, लुइस जीसस कैस्टिलो गैम्बोआ, पनामा, फैंग–ची चैन, चीन ताइवान, मैरी टी. कनिंग, यू.एस.ए., मार्सेल डेनियल, बेल्जियम, बाबूराव घट्टामनेनी, भारत, मशासी हमानो, जापान. एडविन गाइ हॉलैंडर, यू.एस.ए. डॉ. सुंग–गिल जंग कोरिया गणराज्य हॉल्डोर क्रिस्टजैंसन, आइसलैंड. डैनियल कुबिन, तुर्किए, जॉन एलेन लॉरेंस, यू.एस.ए., स्टीवन मिडिलमिस, यू.एस.ए., हंस. जे. नीडहार्ट.यू.एस.ए, जोआन ऑग्डेन, कनाडा, एंथनी पैराडिसो, यू.एस.ए. कात्सुकी शिरोसाका, जापान.

प्रथम वर्ष के निदेशक.
राजकुमार अग्रवाल, भारत, गाइ–बर्नार्ड ब्रामी, फ्रांस डॉ. कार्ल ब्रुई, ऑस्ट्रिया, डेबी कैंट्रेल, यू.एस.ए. क्रिस कार्लोन, यू.एस.ए., लुइस ऑगस्टो डेविड कैरो चोंग, पेरू दातो योव वाह चिन, मलेशिया. लॉरिना हुस, स्लोवेनिया, ईए–अप किम, कोरिया गणराज्य एस. मंगेश, भारत, रॉबर्ट "स्की" मार्सिनकोवस्कि, यू.एस.ए. पंकज मेहता, भारत बर्ट नेल्सन, यू.एस.ए, रमेश सी. प्रजापति, भारत प्रिंसेस ब्रिजेट एडेटोप टाइकस, नाइजीरिया, ग्रीम जॉन विल्सन, न्यूजीलैंड, डेविड वाइनमैन, यू.एस.ए. डोंग झाओ, चीन.

आप अपने प्रश्न, विचार या अन्य कोई जानकारी यहाँ भेज सकते है।
magazine@lionsindia.org

पत्रिका को अंग्रेजी में देखने के लिए तथा साथ ही संग्रहित विषयों पर जानने के लिए जाएँ:
www.lionmagazine.org

पत्रिका के डिजिटल अंक के लिए देखें:
www.lionsclubs.org.in/magazine/

## लायंस इंटरनेशनल

### लायंस इंटरनेशनल के लक्ष्यों का विवरण.

मानव तथा समाज सेवा में विश्व का नेता बनना.

### लायंस इंटरनेशनल के लक्ष्यों का वक्तव्य.

लायंस क्लब्स, स्वयंसेवकों तथा साझेदारों के स्वास्थ्य एवं कल्याण तथा समाज को सशक्त बनाने और मानव सेवा तथा अनुदानों के द्वारा जरूरतमंद लोगों की सहायता करने और सशक्त बना कर विश्व स्तर पर जीवन को प्रभावित करते है. तथा विश्व में शांति तथा अंतर्राष्ट्रीय समझ को विकसित करते है.

## रिकॉर्ड के लिए

01 अगस्त 2024 तक लायंस इंटरनेशनल के 200+ देशों तथा भौगोलिक स्थानों में 49,257 क्लब्स में 1,350,887 सदस्य थे.

### सम्मेलन की उलटी गिनती आरंभ.

| | | |
|---|---|---|
| 2025 | मैक्सिको सिटी,मैक्सिको | जुलाई 04–08 |
| 2026 | हॉगकॉग, चीन | जुलाई 03–07 |
| 2027 | वाशिंगटन डी.सी., यू.एस.ए. | जुलाई 02–06 |
| 2028 | सिंगापुर | जून 23–27 |
| 2029 | मीनिआपोलिस, यू.एस.ए. | जून 29–03 जुलाई |



## विश्व भर में सेवा

## विश्व जिस सेवा पर विश्वास करता है.

लायंस जो सकारात्मक प्रभाव सारे विश्व में फैला रहे है, उनकी अनेक कहानियों में से ये मात्र कुछ कहानियां है, एक जरूरतमंद व्यक्ति की सेवा से लेकर संपूर्ण समाज की सेवा करने तक, आपके द्वारा की गई प्रत्येक सेवा महत्वपूर्ण है।

प्रतिमाह अपनी गतिविधियों की रिपोर्टिंग अवश्य करें. ताकि हम विशेष रूप से आपके प्रभाव का आकलन कर सकें. अपनी सदस्यता बढ़ा सकें. अपनी कहानियों को विश्व के साथ साझा कर सकें.

**अधिक जानकारी हेतु नीचे दिए गए क्यू आर कोड को स्कैन करें.**






107वां अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन

# मैक्सिको सिटी

जुलाई 4–8, 2025

## सेवा के आकर्षक उत्सव हेतु तैयार हो जाइए.

लायंस के सर्वाधिक रोचक, वार्षिक कार्यक्रम को ना चूकें. हमारी सेवा का उत्सव मनाने तथा संपूर्ण विश्व के लायंस और लियोज से जुड़ने के लिए, जीवंत एवं एतिहासिक मैक्सिको सिटी में हमसे जुड़ें.

- शहर की समृद्धि तथा इतिहास को जानें.
- अद्वितीय तथा रंगीन पारंपरिक संगीत और नृत्य का आनंद लें.
- पाक कलाओं के आनंद में खो जाएं, जिनकी तीव्र सुगंध आपकी भूख को जगा देगी.
- कला के अद्‌भुत जगत को जानें. जिसमें सुप्रसिद्ध फ्रीडा काहलो की कृतियाँ भी सम्मिलित हैं.

न्यूनतम संभावित मूल्य प्राप्ति हेतु आज ही रजिस्ट्रेशन करें

**lionscon.lionsclubs.org**



# लायंस क्वेस्ट के 40 वर्ष पूर्ण होने का उत्सव.

लायंस क्वेस्ट कार्यक्रम के माध्यम से अपने समाज के युवाओं को सशक्त बनाएँ. विगत 40 वर्षों से लायंस क्वेस्ट का व्यापक, सामाजिक और भावनात्मक शिक्षण कार्यक्रम युवाओं के जीवन में परिवर्तन कर रहा है. एलसीआईएफ द्वारा सहायता प्राप्त लायंस क्वेस्ट कार्यक्रम दुनिया भर के बच्चों, किशोरों और युवाओं में निरंतर आशा का संचार कर रहा है.

LIONS QUEST

A Program of Lions Clubs International Foundation

Lions Clubs International FOUNDATION INDIA

अधिक जानकारी प्राप्त करें **lionsindia.in/lions-quest-in-india**